>

Title: The Minister of Parliamentary Affairs made a statement regarding Government Business for the week commencing the 7th December, 2011 and submissions made by Members.

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND MINISTER OF WATER RESOURCES (SHRI PAWAN KUMAR BANSAL): With your permission, Sir, I rise to announce that Government Business during the week commencing Wednesday, the 7 th of December, 2011 will consist of :-

1. Consideration of any item of Government Business carried over from today's Order Paper.
2. Consideration and passing of the following Bills:-

   (a) The Constitution (One Hundred and Eleventh Amendment) Bill, 2010;

   (b) The Life Insurance Corporation (Amendment) Bill, 2009;

   (c) The Cable Television Networks (Regulation) Amendment Bill, 2011;

   (d) The Petroleum and Minerals Pipelines (Acquisition of Right to User in Land) Amendment Bill, 2010; and

   (e) The Pension Fund Regulatory and Development Authority Bill, 2011

...(*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Hon. Members, submissions by Members which have been admitted will be treated as laid on the Table of the House.

...(*Interruptions*)

***श्री भीष्म शंकर उर्फ कुशल तिवारी (संत कबीर नगर):** महोदय, लोक सभा में आगामी सप्ताह कार्यसूची में निम्नलिखित विषय जोड़ा जाए :-

1. उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 39 रेल उपरगामी (आरओबी) के स्वीकृति के लिए केन्द्र सरकार को जो प्रस्ताव भेजा गया उस पर विचार हो।
2. गोरखपुर पूर्वोत्तर रेलवे का मुख्यालय होने के बावजूद वहां के लिए दिल्ली से एक भी राजधानी गाड़ी नहीं चलाई जाती है। इस पर विचार हो।

***डॉ. राजन सुशान्त (कांगड़ा):** महोदय, कृपया आगामी सप्ताह की कार्यसूची में निम्नलिखित अत्यंत महत्वपूर्ण विषय चर्चा हेतु स्वीकृत करें ः-

1. श्रीनगर एयरपोर्ट/एयरफोर्स भूमि का लगभग 1000 करोड़ रूपये का घोटाला, इसकी कड़ी जांच, दोषियों को कड़ा दंड व भूमि रक्षा विभाग के नाम तुंत हस्तांतरित करना।

2. पठानकोट-जोगिन्दरनगर रेल लाईन पर क्षतिग्रस्त चक्की पुल की तुंत मरम्मत करके सभी रेलगाड़ियों का आवागमन पठानकोट से जोगिन्दरनगर तक करना व इस रेल लाईन पर वांछित रेलवे क्रासिंग व ओवर ब्रिज का शीघ्र निर्माण करना।

---

* Speech was laid on the Table

***श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा):** महोदय, कृपया दो निम्न विषयों को आगामी सप्ताह की कार्यसूची में जोड़े जाएं ः-

1. बिहार में खाद की उपलब्धता प्रचूर मात्रा में करवाई जाए।

2. बिहार में पॉवर प्लांट के लिए कोल ब्लॉक्स दिया जाए।

***श्री अर्जुन राम मेघवाल (बीकानेर):** महोदय, मैं आगामी सप्ताह की कार्यसूची में निम्नलिखित विषयों को सम्मिलित करने का अनुरोध करता हूं ः-

1. सैनिकों के लिए "वन रैंक वन पेंशन" राष्ट्रपति के अभिभाषण में सम्मिलित होने के पश्चात भी लागू नहीं होना भूतपूर्व सैनिकों के लिए पीड़ा का विषय है। अतः इस विषय को चर्चा में सम्मिलित किया जाए।

2. देश के प्रत्येक कोने से फोन टेपिंग के मामलों की गूंज समय-समय पर सुनाई देती रहती है। इसकी सर्वमान्य नीति नहीं होने के कारण फोन टेपिंग के मामले आलोचना के विषय भी बनते हैं। अतः इस संबंध में कोई सर्वमान्य नीति बने इस हेतु मैं आगामी सप्ताह में चर्चा के लिए विषय को सम्मिलित करने का अनुरोध करता हूं।

***SHRI PRALHAD JOSHI (DHARWAD):** Kindly include the following subject in the agenda of next week off parliament proceedings.

1. The cabinet has approved the inclusion of 'Medara' a community in Karnataka in Scheduled Tribe list and hence constitutional amendment bill to be introduced in this regard at the earliest.

2. Government to consider the lifting of the ban on export of onion to bring good prices to the onion growing farmers and stabilize the onion prices.

---

* Speech was laid on the Table

***श्री मारोतराव सैनुजी कोवासे (गडचिरोली-चिमूर):** आपसे निवेदन है कि सब-मिशन के अन्तर्गत निम्नलिखित दो विषयों को आगामी सप्ताह की कार्य-सूची में शामिल किए जाने हेतु अनुमति प्रदान की जाए :

1. महाराष्ट्र राज्य के गड़चिरोली चिमुर आदिवासी संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत नागभीड़ से नागपुर छोटी रेलवे लाइन, जो चन्द्रपुर व नागपुर जिलों से होकर गुजरती है, को बड़ी रेल लाइन में परिवर्तित किए जाने के बारे में ।

2. महाराष्ट्र राज्य के गड़चिरोली आदिवासी बाहुल्य जिले की तालुका घानोरा में कारवापा और तालुका मूलचेरा में चन्ना लघु सिंचाई प्रोजैक्ट को वन संरक्षण अधिनियम के अधीन शीघ्र स्वीकृति प्रदान किए जाने के बारे में।

***श्री दिनेश चन्द्र यादव (खगड़िया):** महोदय, लोक सभा के आगामी सप्ताह की कार्य-सूची में निम्नलिखित विषय को जोड़ा जाये ।

1. पूर्व मध्य रेलवे हाजीपुर अंतर्गत समस्तीपुर-खगड़िया वाया-हसनपुर रोड के बीच संध्या 18.10 बजे से सुबह 4.45 बजे के बीच कोई भी पैसेंजर गाड़ी नहीं चलती है । रेल यात्रियों की सुविधा के लिए रात्रि में भी पैसेंजर गाड़ी चलाई जाए ।

2. पूर्व मध्य रेलवे हाजीपुर अन्तर्गत खगड़िया-मधेपुरा के बीच संध्या 17.00 बजे से सुबह 7.00 बजे के बीच एक भी पैसेंजर गाड़ी नहीं चलती है । रेल यात्रियों के सुविधा के लिए रात्रि में भी गाड़ी खगड़िया-मानसी-सहरसा-मधेपुरा के बीच पैसेंजर गाड़ी चलाई जाए ।

---

* Speech was laid on the Table

***डॉ. भोला सिंह (नवादा):** माननीय संसदीय कार्य मंत्री ने आगामी सप्ताह के लिए जो कार्यक्रम सदन में प्रस्तुत किया है उसमें मैं निम्नलिखित प्रस्ताव जोड़ने के लिए उपस्थापित करता हूं ।

1 बिहार के नवादा जिले में अपरसकरी नदी पर डैम बनाकर नहर निकालने, बिजली पैदा करने के लिए जिससे नवादा के पकड़ीबराम, काशीचक, शेखपुरा जिले के बरबीघा और नालंदा जिले के कई प्रखंडों में सिचाई के साधनों को प्रशस्त करने के संबंध में ।

2 बिहार के नवादा जिले में बारसलीगंज चीनी मिल जो वर्षों से बंद है उसे चालू करने के लिए इथनौल की अनुज्ञप्ति प्रदान करने के संबंध में ।

***श्री जय प्रकाश अग्रवाल (उत्तर पूर्व दिल्ली):** आगामी सप्ताह की कार्य-सूची में निम्नांकित विषयों को सम्मिलित किया जाये-

1 गैर सरकारी संगठनों (एन0जी0ओ0) की पारदर्शिता सुनिश्चित किए जाने के लिए सभी गैर सरकारी संगठनों को सूचना के अधिकार के तहत शामिल करते हुए इनके लेखा परीक्षकों एवे क्रियाकलापों की जांच सी0ए0जी0 अथवा किसी सरकारी एजेंसी से करवाए जाने की आवश्यकता के बारे मे ।

2 झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले लोगों को एक निश्चित समय सीमा के अंदर आवास उपलब्ध कराए जाने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर एक कारगर योजना बनाए जाने से संबंधित विषय ।

***श्री जयवंत गंगाराम आवले (लातूर):** अध्यक्षा लोक सभा, निम्नलिखित विषय के अतिमहत्वपूर्ण समस्याओं को कार्यसूची में जोड़ने का कष्ट करें ।

1) कोल्हापूर से हैदराबाद चलने वाली रेलगाड़ी जो अभी हुबली-गुंदकल वाया चल रही है, इसे वाया पंढरपुर-सोलापुर प्रतिदिन चलाई जाने की आवश्यकता है ।

2) कोल्हापुर से मुंबई सुपरफास्ट रेलगाड़ी चलाए जाए, तथा कोल्हापुर पुणे इलेक्ट्रिक ट्रैक डबल लाइन बनाए जाने की आवश्यकता है ।

---

* Speech was laid on the Table

**उपाध्यक्ष महोदय :** बैठ जाइए। कृपया हाउस चलने दीजिए।

…(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** कृपया आप सभी अपनी-अपनी सीट पर चले जाइए।

â€¦(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: The House stands adjourned to meet on Wednesday, the 7th December, 2011 at 11.00 a.m.

**12.04 hrs.**

*The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock*

*on*[r2] *Wednesday, December 7, 2011/Agrahayana 16, 1933 (Saka).*

---

* Due to continuous interruption in the House, starred questions could not be taken up for oral answers. Therefore, these starred questions were treated as unstarred questions.

* Not recorded

---

[r1]*The Lok Sabha then adjourned till Twelve of the Clock*

[r2] Friday, March 10, 2000/Phalguna 20, 1921 (Saka).